## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक लाख की रिश्वत लेते पकड़ाये मछलीपालन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर

**रायपुर (आरएनएस)।** इंद्रावती भवन में मछली पालन संचालनालय में ज्वाइंट डायरेक्टर देव कुमार सिन्हा को एसीबी की टीम ने एक लाख रूपए लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया जा रहा है कि मछलीपालन विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर देव कुमार सिन्हा किसी से रिश्वत की मांग कर रहे थे जिसकी शिकायत एसीबी को की गई थी। शिकायत के आधार पर एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से के लगभग 15 अधिकारियों ने टीम बनाकर ज्वाइंट डायरेक्टर देव कुमार सिन्हा को पैसे लेते हुए गिरफ्तार किया है। उक्त गिरफ्तारी इंद्रावती भवन के चौथे माले पर स्थित उनके कार्यालय से की गई है।

### अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर 9 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट में पैसा कमाने का झांसा देकर 9 लाख 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश वर्मा 45 वर्ष ग्राम सिर्री खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल धारक ने प्रार्थी को कॉल कर इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट में पैसा लगानरे पर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग खाते 9 लाख 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम बंगोली स्थित गंगा फार्म के सामने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय कुमार साहू 24 वर्ष ग्राम गनियारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम बंगोली के गंगा फार्म के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचआर 3972 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार संजय की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मवेशी तसकरी करते दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छतौना के पास बोलेरो वाहन में मवेशी तसकरी करते दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने 5 नग भैंस जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम छतौना चौक के पास दबिश देकर बोलेरो पिकअप वाहन में भैंस की तसकरी करते आरोपी नकुल हंस सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन से 5 नग भैंस जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### 18 के बाद शुरू हो विधानसभा सत्र : महंत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 दिसंबर तक आहूत किया गया है। वहीं 18 दिसंबर को गुरुर घासीदास जयंती होने के कारण विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने विधानसभा सत्र 18 दिसंबर के बाद आहूत किए जाने राज्यपाल को पत्र लिखा है। राज्यपाल को लिखे पत्र में डा. महंत ने बताया कि 18 दिसंबर को बाबा गुरू घासीदास जयंती है। इस तिथि को अवकाश है, किंतु जयंती के दौरान व्यापक कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा का सत्र 18 दिसंबर के बाद रखा जाए। इसके लिए कांग्रेस के सदस्यों ने भी अनुरोध किया है। अत: इस तिथि में संशोधन किया जाए।

# विकास कार्यों से ही होगी जिले की पहचान, सभी स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र करें प्रारंभ- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

- पीएम आवास के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही
- निर्माण कार्यों में समय-सीमा के साथ गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान
- वित्त मंत्री चौधरी ने विभागीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा, जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसपी दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय हो। सभी के समन्वित प्रयास से जिले के बेहतर विकास की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में स्वीकृत सभी छोटे-बड़े निर्माण कार्य जिनका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उसका निर्माण कार्य शीघ्र चालू करायें। ताकि विकास कार्यों के माध्यम से जिले की पहचान बन सके और लोगों को लंबे समय तक इनका लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्पोट्र्स, पर्यावरण, सौंदर्यीकरण, सड़क, शहरी विकास, रोजगार आदि से जुड़े प्रोजेक्ट चिन्हांकित करें और इन्हें बजट में शामिल कराते हुए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण कराएं। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप गुड गवर्नेंस स्थापित करना है जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे।

वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने निर्माण कार्यों में संलग्न विभागों से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, मुख्यमंत्री सड़क योजना जैसे विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने जिले में अगले माह होने वाले अग्निवीर भर्ती की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबध में जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टर गोयल के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। ताकि अग्निवीर भर्ती सफलता पूर्वक संपन्न हो सके और सैन्य क्षेत्र के माध्यम से युवाओं को देश सेवा करने के अवसर प्राप्त हो सके। वित्त मंत्री चौधरी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही जीर्णोद्धार के आवश्यकता वाले स्कूलों का प्राक्कलन बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

**सर्वोच्च प्राथमिकता से करें पीएम आवास निर्माण कार्यों को पूरा**

वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने कहा कि आवास से लोगों के जीवन में बदलाव आता है। इस कार्य में पैसे की कोई कमी नहीं होगी। प्रधानमंत्री आवास निर्माण शासन की महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, यह कार्य टॉप प्रायोरिटी में होना चाहिए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी।

**जल जीवन मिशन के कार्यों में नहीं होनी चाहिए लापरवाही**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दिशा में संबंधित अधिकारी बेहतर कार्य करें। जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे सभी कार्यों को जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। काम की गुणवत्ता में समझौता या किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**प्रयास विद्यालय का जिले के अधिकाधिक बच्चों को मिले लाभ**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिकाधिक बच्चे लाभान्वित हो यह सुनिश्चित किया जाए। ताकि जिले के बच्चे आवासीय विद्यालय के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें एवं उनका बेहतर भविष्य बन सके।

## टीआई चक्रधरनगर ने महिला समिति के साथ ग्राम महापल्ली के कई घरों में की अवैध शराब की जांच

- 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान को धार देते हुए, चक्रधरनगर पुलिस ने एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन में ग्राम महापल्ली में अवैध शराब को लेकर कार्रवाई की। ग्राम महापल्ली मैदानपारा में पुलिस ने दबिश देकर 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई और आरोपी सुरेश उरांव को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला समिति के सदस्यों के साथ मिलकर महापल्ली गांव में कई घरों की तलाशी ली। इस दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब बनाने और बेचने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसी तलाशी के दौरान सुरेश उरांव के घर से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत लगभग रु.3,000) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने शराब बिक्री की बात स्वीकार की।

आरोपी सुरेश उरांव (43 वर्ष), निवासी ग्राम महापल्ली मैदानपारा, के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशांत राव के साथ प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन कुमार पटेल और महिला आरक्षक अनिता बेक शामिल थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों के साथ मिलकर अभियान चलाने की बात कही है।

## रायगढ़ में नशे के सौदागरों पर पुलिस का करारा प्रहार: लैलूंगा पुलिस ने 70 बॉटल नशीली सिरप के साथ दो तस्कर दबोचे

**रायगढ़**



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले में नशे के कारोबार पर कड़ी चोट करते हुए लैलूंगा पुलिस ने खम्हार पुलिया पर नाकेबंदी कर 70 बोतल नशीली ओनेरेक्स (ONEREX) सिरप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह सिरप नशे के तौर पर इस्तेमाल हो रही थी, और आरोपी इसे अवैध बिक्री के लिए तस्करी कर रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के अवैध नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तारागढ़ का आरीफ खान और उसका साथी एक मोटरसाइकिल से ग्राम लुडेग से लैलूंगा की ओर नशीली सिरप लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को नाकेबंदी के लिए रवाना किया गया। खम्हार पुलिया पर रोकी गई मोटरसाइकिल (CG13 AZ 5918) की तलाशी में थैलों और प्लास्टिक बोरी से 70 बोतल (प्रत्येक 100ml वाली) ओनेरेक्स सिरप बरामद हुई।

आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम आरीफ खान (21 वर्ष) निवासी तारागढ़ और हर्षित अग्रवाल (26 वर्ष) निवासी लुडेग, जिला जशपुर बताए। दोनों ने सिरप को अवैध बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। जब्त सामान में 70 बोतल सिरप (प्रत्येक 100 ml वाली कीमत रु.12,600) और बजाज मोटरसाइकिल (कीमत रु.30,000) शामिल है। कुल बरामदगी रु.42,600 की है।

आरोपियों के खिलाफ थाना लैलूंगा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने थाना प्रभारी को इस तस्करी नेटवर्क को तोड़ने के लिए निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार, सहायक उपनिरीक्षक खेमराज पटेल, चंदन सिंह नेताम, आरक्षक सुरेश मिंज और महिला आरक्षक पूनम साहू ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ इस अभियान को और तेज करने का संकल्प दोहराया है।

## यह समय सबसे महत्वपूर्ण, भविष्य की मांग अनुसार खुद को करें तैयार- वित्त मंत्री

- डिग्री कॉलेज को सर्व सुविधायुक्त मॉडल कॉलेज के रूप में किया जाएगा विकसित
- वित्त मंत्री चौधरी पहुंचे डिग्री कॉलेज, विद्यार्थियों से हुए रूबरू, कैरियर निर्माण के दिए टिप्स

**रायगढ़**





वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज रायगढ़ के किरोड़ीमल शास.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आपके जीवन का महत्वपूर्ण समय है। जिन्हें यह अहसास हो जाता है वह भविष्य निर्माण में आगे निकल जाता है। उन्होंने कहा कि अपने कैरियर के लिए इस 4 से 5 साल का बेहतर उपयोग करें। 10 वीं के बाद विषय चुनाव एवं 12 वीं के बाद बीए, बीकाम, बीएससी जैसे विषय लेकर पढ़ते है इस तरह आप जब 17 से 18 साल पढ़ाई के बाद जीवन में क्या करना है पता नहीं होता, इसके लिए आप सभी अभी से अपने भविष्य के लिए रणनीति एवं कैरियर प्लानिंग के साथ अपना लक्ष्य स्पष्ट कर भविष्य की मांग और संभावनाओं के साथ अपने आप को तैयार करें। इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, प्राचार्य मनोरमा पाण्डेय सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री चौधरी ने कैरियर संबंधी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी और अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य तय था और इसलिए गिनती की पढ़ाई पर विश्वास नहीं करते थे। इस दौरान उन्होंने अपने स्टॉक मार्केट एवं खेती के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें काफी पढ़ाई करनी पड़ी और यही लर्निंग उन्हें आज काम आ रही है। उन्होंने कहा कि आपको तय करना है क्या करना है क्या नहीं करना है इसके अलावा दूसरा विकल्प हो सकता आपको सभी को ध्यान में रख के कार्य करना है। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने अपने पैशन को प्रोफेशन में बदलने के विकल्प के संबंध में भी जानकारी दी।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा आगामी 2047 तक इंडिया की इकोनॉमी में अभूतपूर्व ग्रोथ होगा और इसका लाभ सभी को मिलेगा। इकोनामी ग्रोथ का फायदा लेने के लिए बदलते वक्त व मांग के अनुसार आपको तैयार रहना होगा, तभी आप उस अवसर का लाभ ले सकते है। यही कारण है कि रायगढ़ में कोडिंग क्लास प्रारंभ करने के साथ ही नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है ताकि आप सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारियों के साथ ज्ञान वर्धन कर सके।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह महाविद्यालय जिले का पुराना एवं महत्वपूर्ण महाविद्यालय है। यहां आने का उद्देश्य डिग्री कॉलेज को मॉडल कॉलेज के रूप में विकसित करना है। ताकि कॉलेज में बेहतर लाइब्रेरी, लैब के साथ सर्व सुविधाएं सुनिश्चित हो सके और विद्यार्थियों को लर्निंग एवं सपोर्टिंग वातावरण मिल सके। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से महाविद्यालय के मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली। महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभागवार अपनी मांग आवेदन दिए। जिस पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि जो कार्य जल्दी हो सकते है उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ अतिशीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे।

## डोगामौहा और गौरबहरी में 80 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- तमनार पुलिस की बड़ी शराब रेड कार्यवाई

**रायगढ़**




एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गददर्शन पर तमनार पुलिस ने शराब के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए ग्राम डोगामौहा और गौरबहरी में छापेमारी की। थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कल शाम ग्राम डोगामौहा में दबिश दी, जहां आरोपित सुरेश सिदार (41 वर्ष), निवासी डोंगामौहा, के घर से 30 लीटर महुआ शराब, और शराब बिक्री रकम रु.250 जब्त की गई। आरोपी ने इसे अवैध बिक्री के लिए रखा था।


इसके बाद, तमनार पुलिस ने आज ग्राम गौरबहरी में आरोपित मिलाप सिदार (58 वर्ष), निवासी गौरबहरी, के घर पर रेड कार्रवाई की और वहां से 50 लीटर महुआ शराब जब्त की।

दोनों आरोपियों से कुल 80 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती करीब 16,000 रुपए का जप्त कर आरोपियों के खिलाफ थाना तमनार में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के महत्वपूर्ण सदस्य सहायक उप निरीक्षक सुरूति लाल सिदार, महिला प्रधान आरक्षक उषारानी तिर्की, आरक्षक पुरूषोत्तम सिदार और पुष्पेन्द्र कुमार सिदार शामिल थे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्व.लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के तीन नए कोर्स को शासन ने दी मंजूरी

- राज्य के युवाओं को मिलेगा लाभ, पीजी कोर्स करने के लिए नहीं जाना होगा राज्य के बाहर- स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और युवाओं के लिए राज्य में ही मेडिकल शिक्षा की सुविधा को लेकर काफी संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री साय की पहल पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्व.लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के तीन नए कोर्स को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंजूरी दे दी है।

राज्य शासन के द्वारा नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सीटों में वृद्धि से राज्य में एमबीबीएस पास करने वाले मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। राज्य में ही पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावना बढऩे से छात्रों को राज्य में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इससे न सिर्फ मेडिकल में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि राज्य को अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक भी मिलेंगे।

राज्य शासन की तरफ से स्व. लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के तीन नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की मंजूरी दी गयी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय का इशेंसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है। नए कोर्स में एम.एस.जनरल सर्जरी के लिए 7 सीट, एम.डी.पीडियाट्रिक्स के लिए 4 सीट और एम.डी.जनरल मेडिसिन के लिए 5 सीटों की अनुमति प्रदान की गई है।

## बिटक्वाईन घोटाला : रायपुर में गौरव मेहता के घर पहुंची ईडी की टीम

**रायपुर । आरएनएस**

महाराष्ट्र चुनावा के दौरान सामने आये बिटकॉइन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बिटकॉइन घोटाले की जांच कर रही है। ईडी के अधिकारी बुधवार को रायपुर में गौरव मेहता के घर पहुंचे। उन्होंने यहां दस्तावेजों समेत पूरे घर की तलाशी ली। गौरव मेहता एक कंसल्टेंसी के लिए काम करते हैं, जो पुणे पुलिस को अमित भारद्वाज के 6,600 करोड़ के क्रिप्टोकरंसी घोटाले की जांच में मदद कर रही थी। एसीबी की उक्त कार्यवाही महाराष्ट्र के पूर्व आईपीएस अधिकारी रविन्द्रनाथ पाटिल के खूलासे के बाद की गई है। पाटिल ने मामले में मुख्य गवाह गौरव मेहता का नाम लिया था जो कि एक ऑडिट फर्म के कर्मचारी थे।

बता दें कि पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने आरोप लगाया था कि एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में शामिल हैं। उन्होंने दोनों नेताओं पर चुनाव प्रचार के लिए बिटकॉइन हेरफेर का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया था। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया था कि क्रिप्टोकरेंसी डीलिंग से प्राप्त नकदी का उपयोग महाराष्ट्र में वर्तमान चुनाव अभियान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी इसी तरह की हेराफेरी की गई। रवींद्र नाथ पाटिल ने न्यूज़ एजेंसी से बात करते हुए पुणे के पूर्व पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता और साइबर अपराध जांचकर्ता भाग्यश्री नवटके पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि वे बिटकॉइन घोटाले में शामिल थे। उन्हें सुप्रिया सुले और नाना पटोले से संरक्षण प्राप्त था। उन्होंने पूरे घोटाले का ब्यौरा साझा करते हुए बताया कि साल 2018 के बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी घोटाले में फ रेंसिक ऑडिट के लिए मेरी कंपनी केपीएमजी को अपॉइंट किया था। उसको मैंने लीड किया था। साल 2022 में मुझे उसी केस के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था। मैंने 14 महीने जेल में बिताए। इस दौरान वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि उन्हें क्यों फंसाया गया। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने तथ्यों तक पहुंचने के लिए काम करना जारी रखा। आखिरकार, उन्हें चौंकाने वाले तथ्य मिले। रवींद्र नाथ पाटिल ने खुलासा किया कि मामले में एक प्रमुख गवाह, एक ऑडिट फ र्म के कर्मचारी गौरव मेहता ने पिछले कुछ दिनों में उनसे कई बार संपर्क किया था। जब पाटिल ने जवाब दिया, तो मेहता ने 2018 की क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी जांच के बारे में जानकारी साझा की।

मेहता ने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी व्यापारी अमित भारद्वाज की गिरफ्तारी के दौरान, बिटकॉइन युक्त एक वॉलेट जब्त किया गया था। रवींद्र नाथ पाटिल ने खुलासा किया कि इस मामले के एक मुख्य गवाह गौरव मेहता (जो एक ऑडिट फर्म के कर्मचारी हैं) ने पिछले कुछ दिनों में उन्हें कई बार संपर्क किया। जब उन्होंने आखिरकार जवाब दिया, तो मेहता ने 2018 के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी की जांच से जुड़ी जानकारी साझा की। मेहता ने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडर अमित भारद्वाज की गिरफ्तारी के दौरान, बिटकॉइन युक्त एक वॉलेट बरामद किया गया था। हालांकि, मेहता के अनुसार, उस वॉलेट को दूसरे वॉलेट से बदला गया था। यह कथित तौर पर पुणे के तत्कालीन पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता के निर्देश पर किया गया था। मेहता ने दावा किया कि पाटिल और उनके सहयोगियों को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया, जबकि असली अपराधी गुप्ता और उनकी टीम थी। पाटिल ने मेहता पर घोटाले में सुप्रिया सुले और नाना पटोले का नाम लेने का भी आरोप लगाया। मेहता ने आरोप लगाया कि वे बिटकॉइन हेरफेर के माध्यम से प्राप्त नकदी का उपयोग 2019 के लोकसभा चुनावों और वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों सहित दूसरे चुनाव अभियानों के वित्तीय मदद के लिए कर रहे थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480